BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 07 अप्रैल, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना अगौता**

गौकशी करने वाले बदमाश से थाना अगौता पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 0 1 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व एक बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 07-04-2024 को थाना अगौता पुलिस टीम शाहनगर चौराहे पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी तभी एक अभिसूचना प्राप्त हुई कि अहमदपुर टांडा की तरफ से गौकशी की घटना में वांछित एक अभियुक्त बाइक से आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम अहमदपुर टांडा की तरफ चल दी। रास्ते में बाइक पर एक व्यक्ति सामने से आता दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर बाइक को मोडकर बम्बे की पटरी की तरफ भागने लगा तभी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई तथा अभियुक्त बाइक को छोडकर बाग की तरफ भाग गया जिसका पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया। अभियुक्त द्वारा अपने आप को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान **1. दानिश पुत्र शौकत अली निवासी ग्राम अहमदपुर टांडा थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर के रूप में हुई है।** घायल बदमाश को उपचार हेतु सीएचसी अगौता में भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि अभियुक्त द्वारा अपने साथियो के साथ दिनांक29/30-03-2024 की रात्रि में थाना अगौता क्षेत्रान्तर्गत गौकशी की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना अगौता पर मुअसं-75/24 धारा 3/5/8 गौवध अधिनियम पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. दानिश पुत्र शौकत अली निवासी ग्राम अहमदपुर टांडा थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा, 01 खोखा कारतूस, 01 छुरी।

2- 01 बाइक पैशन प्रो नं0 यूपी-13बीएन-5539

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अगौता पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री संदीप कुमार थानाध्यक्ष अगौता

2- व0उ0नि0 महक सिंह बालियान, उ0नि0 सुभाष त्यागी, उ0नि0/यू0टी0 अंकित कुमार

3- का0 भूपेन्द्र, का0 धर्मेश, का0 विशाल

मीडिया सेल बुलंदशहर